**दिनांक : 02/05/2026** **समय :7.10 एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- जबलपुर बरगी क्रूज हादसे में लापरवाही के दोषी पायलट, हेल्पर और टिकट प्रभारी बर्खास्त, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित परिजनों से की मुलाकात।
- प्रदेश में अब तक 6 लाख से ज्यादा किसानों से 28 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया, 4 हजार 813 करोड़ का हुआ भुगतान।
- आईपीएल में केएल राहुल की 75 रन की पारी और स्टार्क के 3 विकेट से दिल्ली ने राजस्थान को 7 विकेट से हराया, आज शाम चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला।

**और**

- प्रदेश में गर्मी के बीच मौसम ने ली करवट, 2 दिन में 35 जिलों में आंधी-बारिश-ओले, आज 21 जिलों में अलर्ट।

अब समाचार विस्तार से:–

**बरगी क्रूज हादसे**

जबलपुर के बरगी डैम क्रूज हादसे में प्रदेश सरकार ने लापरवाही के दोषी क्रूज पायलट, हेल्पर और टिकट काउंटर प्रभारी को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया, वहीं होटल मैकल रिसार्ट के मैनेजर को निलंबित किया गया। गुरुवार शाम हुए इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि रेस्क्यू टीम ने 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को खुद घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया। मृतकों के परिजनों को केंद्र सरकार से 2 लाख और राज्य सरकार से 4 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरगी हादसे के उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए...

**गेहूं खरीदी**

प्रदेश में अब तक 6 लाख से ज्यादा किसानों का 28 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है और उन्हें करीब 4 हजार 813 करोड़ रुपये का भुगतान भी हो चुका है। किसानों को 2 हजार 585 रुपये समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपये बोनस मिलाकर 2 हजार 625 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से गेहूं बेचने का फायदा मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने खरीदी की आखिरी तारीख भी 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है।

**पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट में जमीन देने वाले किसानों को मिलने वाली विकसित जमीन का हिस्सा 50 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया है। 2 हजार 360 करोड़ रुपये की इस परियोजना के पहले चरण का भूमि-पूजन 3 मई को इंदौर के ग्राम नैनोद में होगा। 20 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर से इलाके में उद्योग, रोजगार और आधुनिक सुविधाओं का बड़े पैमाने पर विकास होगा।

**एलपीजी जमाखोरी**

केंद्र सरकार ने देशभर में एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए कल 2300 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। इसके अलावा औद्योगिक एलपीजी सिलेंडर बुकिंग 98 प्रतिशत तक बढ़ गई है और तकरीबन 49 लाख 80 हजार घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की गई। सरकार का कहना है कि कल पांच किलोग्राम वाले 79 हजार एफटीएल सिलेंडरों की आपूर्ति की गई।

**9वीं-11वीं की दूसरी परीक्षा**

प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं और 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। दोनों कक्षाओं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी, जिसमें 9वीं की परीक्षा 12 जून और 11वीं की 13 जून को खत्म

होगी। जो विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में एक या उससे ज्यादा विषयों में अनुपस्थित रहे या फेल हुए, वे इस परीक्षा में बैठ सकेंगे।

**फ्री एडमिशन**

वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की दूसरे चरण की प्रक्रिया 4 मई से शुरू होगी। इस चरण में नया पंजीयन नहीं होगा, केवल वही बच्चे शामिल हो सकेंगे जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। जो अभिभावक अवकाश के कारण पहले दस्तावेज सत्यापन नहीं करा पाए, उन्हें एक और मौका दिया गया है और वे अपने जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत, तालाब, अमृत सरोवर, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और सूखे कुओं को पुनर्जीवित करने के 2 लाख 43 हजार से ज्यादा कार्य लगभग 6 हजार 229 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे हैं। 19 मार्च से शुरू हुए अभियान के तीसरे चरण में अब तक 1 लाख 64 हजार से अधिक कार्य पूरे हो चुके हैं। इस अभियान में खंडवा पहले, खरगोन दूसरे और डिंडोरी तीसरे स्थान पर है।

**'आत्मनिर्भर पंचायत'**

पंचायती राज मंत्रालय आज हैदराबाद में आत्मनिर्भर पंचायत पहल पर एक आउटरीच कार्यशाला आयोजित करेगा, जिसमें प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम की परिकल्पना और काम करने के तरीके से रूबरू कराया जाएगा। मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज मुख्य भाषण देंगे और आत्मनिर्भर पंचायत पोर्टल का लाइव डेमो भी दिखाया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत एक अहम पहल है।

**'बाग प्रिंट'**

धार जिले की मशहूर 'बाग प्रिंट' कला इन दिनों पेरिस के ऐतिहासिक व्यापार मेले 'फोयर डे पेरिस' में धूम मचा रही है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री भारत और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्राचीन हस्तशिल्प कला को वैश्विक मंच पर पहचान दिला रहे हैं। भारतीय दूतावास की थर्ड सेक्रेटरी वर्धा खान ने खुद लकड़ी के ब्लॉक से बाग प्रिंट बनाकर इस कला की तारीफ की। केंद्र सरकार के हस्तशिल्प विभाग ने इस प्रतिष्ठित मेले के लिए खास तौर पर बाग प्रिंट को चुना है।

**चंदेरी और नॉर्थईस्ट**

उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड ने कल 'पद्‌म डोरी' नाम की एक अनूठी टेक्सटाइल पहल लॉन्च की, जिसमें नॉर्थईस्ट के एरी सिल्क और प्रदेश की चंदेरी बुनाई की विरासत को एक साथ पिरोया गया है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने इस पहल का शुभारंभ किया और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विजन को साकार करती है। लॉन्च के मौके पर एक फैशन शो भी हुआ जिसमें दोनों परंपराओं के मेल से बने कपड़ों की खूबसूरत झलक पेश की गई।

**मौसम**

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने करवट ली है और बीते दो दिनों में 35 से ज्यादा जिलों में आंधी, बारिश और ओले पड़ चुके हैं। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, जबलपुर, छतरपुर, बालाघाट समेत 21 जिलों में बारिश और 30 से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों में गर्मी का असर बना रहेगा, हालांकि दोपहर बाद कुछ जगहों पर मौसम बदल सकता है।

**आईपीएल**

आईपीएल में कल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से मात देते हुए 226 रनों का लक्ष्य महज 19 ओवर में हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 75 रन की शानदार पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए, जबकि मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। आज चेन्नई में शाम साढ़े सात बजे चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला होगा।

**राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप**

भोपाल की राज्य शूटिंग अकादमी में आज से 24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप की शुरुआत हो रही है, जो 15 मई तक चलेगी। देश के 42 राज्यों और सेना के 3000 से ज्यादा खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उद्घाटन समारोह में खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**समाचार संक्षेप में.......**

1- खंडवा जिले में चल रहे “हेलमेट विशेष अभियान 2026” के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 320 दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।
2- आगरमालवा जिले में जनगणना प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को भीषण गर्मी से सुरक्षित रखने लिए जीवनरक्षक दवाइयों की किट उपलब्ध दी गई।
3- नर्मदापुरम जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ‘रेवा सेवा समागम’ कार्यक्रम का शुभारंभ कल विकासखंड माखननगर में किया गया।
4- मंदसौर जिले मे नीट परीक्षा चार केंद्रों पर कल 3 मई दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।
5- बैतूल कलेक्टर ने कल तहसील कार्यालय भैंसदेही का औचक निरीक्षण कर

प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की।

6- अशोकनगर पुलिस ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करते हुये तीन आरोपी गिरफ्तार करनें में सफलता प्राप्त की है।

7- नीमच के ग्रामीण अंचलों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में 10 ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाने करने की अनुमति जारी की गई है।

-------------